BSES

# सीएम ने लॉन्च की बीआरपीएल की सस्ती एलईडी स्कीम

- स्कीम के तहत सिर्फ 399 रूपये में मिलेगा 7 वॉट का एलईडी बल्ब
- एक एलईडी बल्ब के लिए सालाना बिजली बिल आएगा सिर्फ 150 रूपये
- दिल्ली के सभी उपभोक्ता उठा सकते हैं स्कीम का लाभ
- एलईडी बल्ब 50 हजार घंटे तक काम करेगा
- 7 वॉट की एलईडी से 60 वॉट के सामान्य बल्ब जितनी रोशनी

नई दिल्लीः 20 जुलाई, 2012। मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने आज दिल्ली के नागरिकों के लिए बीआरपीएल की सस्ती एलईडी स्कीम को लॉन्च किया। लाइट– लाइफ नामक इस स्कीम के तहत दिल्लीवासी, बाजार से काफी कम कीमतों पर हाई क्वालिटी वाली एलईडी खरीद सकते हैं। बीआरपीएल ने इस स्कीम को सहश्र इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर शुरू किया है, जो फिलिप्स और टायको इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी नामी वैश्विक कंपनियों को एलईडी की आपूर्ति करती है।

दिल्ली सचिवालय के ऑडिटोरियम में स्कीम के लॉन्च के मौके पर ऊर्जा मंत्री श्री हारून युसुफ, दिल्ली के मुख्य सचिव श्री पीके त्रिपाठी, प्रिंसिपल सेक्रेटरी पावर श्री शक्ति सिन्हा, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिएंशी के महानिदेशक श्री अजय माथुर, और सहश्र इलेक्ट्रॉनिक्स के सीएमडी श्री अमृत मानवानी भी मौजूद थे।

स्कीम को लॉन्च करते हुए, मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने कहा– मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि बीआरपीएल दिल्ली सरकार की ऊर्जा संरक्षण मुहिम में सक्रिय साझेदारी कर रही है। मैं एक बार फिर सभी भागीदारी सहयोगियों और दिल्ली के नागरिकों से अपील करती हूं कि वे बिजली बचत के बारे में गंभीरता से पहल करें। यह वक्त की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एलईडी ही लाइटिंग का भविष्य है। एलईडी में सीएफएल की तरह मरकरी और आरसेनिक नहीं होता और ये सीएफएल के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी कम बिजली की खपत करती हैं। बिजली बचत की दिशा में ऐसी पहल काफी कारगर साबित होंगी।

बीआरपीएल के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना ने कहा– दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में इजाफा हो रहा है, क्योंकि ऊर्जा के स्रोत सीमित हैं। अब अक्षय ऊर्जा पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में, यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम बिजली की बचत करें। एक जिम्मेदार युटिलिटी होने के नाते बीआरपीएल बड़े पैमाने पर ऊर्जा संरक्षण का प्रचार–प्रसार कर रही है। अब हमें एलईडी जैसे स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम को अपनाने की जरूरत है, जो बेहद कम बिजली की खपत करते हैं और ज्यादा सुरक्षित भी हैं।

श्री गोपाल सक्सेना ने कहा कि अब तक यह माना जाता रहा है कि एलईडी काफी महंगी होती है, लेकिन बीआरपीएल की लाइट–लाइफ पहल के तहत, काफी कम कीमतों पर एलईडी उपलब्ध कराई जा रही है।

सहश्र इलेक्ट्रॉनिक्स के सीएमडी श्री अमृत तनवानी के मुताबिक– हम इस एलईडी पहल का हिस्सा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। तकनीकी विकास के चलते यह संभव हो पाया है कि अब अच्छी गुणवत्ता वाली एलईडी 50 हजार घंटे तक चलती है। पहले सीएफएल ने पुराने बल्बों का स्थान लिया और अब एलईडी बल्ब, सीएफएल का स्थान लेने जा रहे हैं।

गौरतलब है कि इस स्कीम के लिए बीआरपीएल ने एलईडी की जानेमाने निर्यातक और आपूर्तिकर्ता कंपनी सहश्र इलेक्ट्रॉनिक्स से समझौता किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में अच्छी साख है और वह, फिलिप्स और टायको इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी नामी वैश्विक कंपनियों को भी एलईडी की आपूर्ति करती है।

<u>एलईडी चलती है 50 हजार घंटे</u>

अत्याधुनिक एलईडी बल्ब और ट्यूब लाइट आपके घर में पहले से ही मौजूद बिजली के सॉकेट्स में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे, और आपको मिलेगी ज्यादा साफ और ब्राइट रोशनी। अगर सीएफएल से एलईडी की तुलना की जाए, तो एलईडी

बल्ब सीएफएल के मुकाबले 50 प्रतिशत से भी कम बिजली की खपत करते हैं। एलईडी में सीएफएल की तरह हानिकारक पारा यानी मरकरी नहीं होती, और इसमें आरसेनिक भी नहीं होता। एलईडी टूटती भी नहीं हैं। सीएफएल की तुलना में एलईडी कई गुना ज्यादा चलती हैं। एक आम बल्ब 1200 घंटे चलता है, जबकि सीएफएल औसतन 8–10 हजार घंटे और एलईडी 50 हजार घंटे चलती है।

<u>साल भर में बिल आएगा सिर्फ 150 रूपये</u>

बीआरपीएल सीईओ के मुताबिक– एलईडी से आपके बिजली बिल में कमी आएगी। साल भर अगर आप 7 वॉट का एलईडी बल्ब इस्तेमाल करते हैं, तो आपका बिजली बिल आएगा 150 रूपये, वहीं एक सीएफएल साल भर जलाने पर 271 रूपये का बिल आएगा और एक आम बल्ब जलाने पर बिल आएगा 612 रूपये।

<u>दिल्ली के सभी नागरिकों के लिए है स्कीम</u>

बीआरपीएल द्वार लॉन्च सस्ती एलईडी की इस स्कीम का फायदा न सिर्फ बीआरपीएल उपभोक्ता, बल्कि पूरी दिल्ली के लोग उठा सकते हैं। 7 वॉट के प्रमियम एलईडी बल्ब की कीमत सिर्फ 399 रूपये रखी गई है। 7 वॉट की एलईडी आपको 60 वॉट के सामान्य बल्ब और, 15 वॉट के सीएफएल जितनी रोशनी देगी। स्कीम के तहत एलईडी ट्यूब लाइट्स और स्पॉट लाइट्स भी आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध हैं।

<u>कहां से लें सस्ती एलईडी</u>

इस स्कीम का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को बीआरपीएल के चुनिंदा कस्टमर केयर सेंटरों पर जाकर अपना बिजली बिल दिखाना होगा। यह बिल किसी भी डिस्कॉम का हो सकता है। चुनिंदा कस्टमर केयर सेंटरों पर एलईडी के लिए अलग से कियॉस्क लगाए गए हैं। ये कियॉस्क सोमवार यानी 23 जुलाई से काम करना शुरू करेंगे। स्कीम आगामी 6 महीनों तक चलेगी। एलईडी पर तीन साल की रिप्लेसमेंट वॉरंटी भी है।

<u>तुलनाः आम बल्ब, सीएफएल और एलईडी</u>

| फीचर | आम बल्ब | सीएफएल | एलईडी बल्ब |
|---|---|---|---|
| वॉट | 60 | 15 | 7 |
| कितने घंटे काम करता है | 1200 | 10,000 | 50,000 |
| आम बल्ब की कीमत | Rs 10 | Rs 100 | Rs 400 |
| सामान्य वॉरंटी | N/a | 6~12 months | 3 years. |
| बदलने की जरूरत | 1 year | 1.5 year | 5 years |
| सलाना कीमत | Rs. 10 | Rs. 67 | Rs. 80 |
| बिजली का सालाना खर्च– 5.50 रूपये प्रति यूनिट (पांच घंटे प्रतिदिन उपयोग) | Rs 602 | Rs 151 | Rs 70 |
| सालाना बिजली बिल | Rs. 612 | Rs. 217 | Rs. 150 |

बिजली विशेषज्ञों के मुताबिक– एनसीआर में एलईडी ज्यादा उपयोगी साबित होगा क्योंकि वहां बिजली की किल्लत रहती है। उनके मुताबिक– बिजली के बैकअप सिस्टम के लिए, डीजल से चलने वाले जेनरेट आदि पर खर्च करने से अच्छा है कि एलईडी का इस्तेमाल कर बिजली की बचत की जाए।

इसी तरह, एलईडी के फोकस/ स्पॉट लाइट्स आदि शोरूमों और होटलों के लिए भी अच्छे हैं। क्योंकि, वर्तमान में लगे हैलोजन फोकस लाइट्स न सिर्फ भारी मात्रा में बिजली की खपत करते हैं, बल्कि काफी मात्रा में हीट भी उत्सर्जित करते हैं। इससे एसी की कूलिंग क्षमता पर असर पड़ता है। इसके लगावा, हैलोजन लाइटें जल्दी–जल्दी खराब भी होती हैं।

*दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

---

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870/ 9312007822

चंद्र पी कामत
कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999415/ 9350130304